## खबर संक्षेप

### सिविल सर्जन ने वितरित किया पोषणयुक्त आहार



**शहडोल।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती माताओं को सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने पोषणयुक्त आहार का वितरण किया। सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने गर्भवती माताओं से स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें तथा प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व निःशुल्क जांच की जाती है। इस अवसर जिला चिकित्सालय के पूजा सोनी भी मौजूद रही।

### कलेक्टर ने की कुपोषण निराकरण अभियान की समीक्षा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित कुपोषण निराकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों का वजन लिया जाए तथा इसी आधार पर कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान की जाए। वजन लेते समय महिला एंव बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर उपस्थित रहें। चिन्हित बच्चों में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। आपने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्भवती माताओं का पंजीयन किया जाए। उनकी नियमित चार जांचें कराई जाएं तथा चिकित्सकों के परामर्श अनुसार उपचार उपलब्ध कराया जाए। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रसव के दौरान आने वाली जटिलताओं का अध्ययन किया जाए तदानुसार उनका निराकरण भी किया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एंव बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले की सभी 1622 आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के वजन लेने का कार्य किया जा रहा है। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान करके उन्हें एनआरसी में भर्ती कराया जा रहा है।

### सुखद वैवाहिक जीवन के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत



**शहडोल।** हिंदू परंपरा अनुसार सुहागिन अपने पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखती हैं। वट सावित्री व्रत भी सौभाग्य प्राप्ति के लिए एक बड़ा व्रत माना जाता है। ये ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाता है, जो सोमवार को सावित्री व्रत रखा गया है। इस त्योहार के साथ सत्यवान-सावित्री की कथा जुड़ी है,जिसमें सावित्री ने अपने संकल्प और श्रद्धा से यमराज से सत्यवान के प्राण वापिस ले लिए थे। मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री के दिन सुहागिन महिलाएं वट यानि बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना करती है। ऐसा कहा जाता है कि इस पेड़ में भगवान विष्णु, ब्रम्हा जी और शिवजी का वास है।इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा करने से पति और परिवार को सौभाग्य का आशिर्वाद मिलने के साथ पति की आकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है। वट सावित्री व्रत के दिन पतिव्रता स्त्री वट पेड़ की परिक्रमा करती है और चारो ओर धागा बांधती है।

**वट सावित्री अमावस्या तिथि पर महिलाओं ने की परिक्रमा**

सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना गया है। सोमवार को वट सावित्री अमावस्या तिथि पर जिला मुख्यालय सहित समूचे जिले में महिलाओं ने आस्था व श्रद्धाभक्ति के साथ निर्जला व्रत धारण कर बरगद पेड़ की पूजा अर्चना की।

# डिग्री कालेज को लील गया एसएनएस विश्वविद्यालय

## विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधा पर उठ रहे सवालिया निशान

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

**उच्च शिक्षा के परंपरागत पाठ्यक्रमों साहित नए शैक्षणिक आयामों व पाठ्यक्रमों के विकास के लिए विश्वविद्यालयों का संचालन जहां आवश्यक माना जाता है वहीं बिना पूर्ण व्यवस्था के विश्वविद्यालय का संचालन कई समस्याओं को भी जन्म दे देता है।**




यही हाल शहडोल पं. शंभूनाथ शुक्ला डिग्री कालेज का हो रहा है। जिसे विश्वविद्यालय तो बना दिया गया लेकिन अभी तक संसाधनों के अभाव में वह विश्वविद्यालय की तरह विकसित नहीं हो सका। जिसका खामियाजा डिग्री कालेज को भुगतना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय ने मानो शंभू नाथ शुक्ला डिग्री कालेज को लील लिया है। उसी के बूते विश्वविद्यालय चल रहा है, जबकि कालेज का अस्तित्व लगभग मिट सा गया है। डिग्री कालेज शिक्षा के लिए अब छात्र-छात्राओं को भटकना पड़ रहा है। शहडोल संभाग का गठन होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में जमकर विकास हुआ लेकिन उस विकास में ब्वायज डिग्री कालेज की बलि चढ़ गई।

### कालेज का स्टाफ विवि में

पंडित शंभूनाथ शुक्ला महाविद्यालय का उन्नयन 2017-18 में विश्वविद्यालय के लिए हो गया। विश्वविद्यालय तो खोल दिया गया लेकिन शासन ने उसके संचालन के लिए पृथक से स्टाफ नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि महाविद्यालय के स्टाफ से ही विश्वविद्यालय का संचालन हो रहा है और महाविद्यालय में न तो कोई पढ़ाने वाला रह गया न ही कार्यालय संचालन के लिए लिपिकीय स्टाफ है। महाविद्यालय के कर्मचारियों से विश्वविद्यालय का कार्य कराया जा रहा है। 80 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, 50 के आस-पास अतिथि विद्वान है। जिसमें किस नियम के तहत एवं किन मापदण्डों के अनुरूप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की भर्ती की गई, यह भी जांच का विषय है। विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग का वेतन के रूप में हर वर्ष लगभग 10 से 15 करोड़ रूपये व्यय हो रहा है। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की सुविधा छिन गई है।

### विद्यार्थियों को हो रही असुविधा

विश्वविद्यालय के बन जाने से असुविधाएं भी बढ़ गईं हैं। सांइस एवं एग्रीकल्चर के छात्र नवलपुर प्रतिदिन बसों के माध्यम से जाते हैं। बीए, बीकॉम, स्पोर्ट्र्स, एम.एस. डब्ल्यू, एल.एल.एम के छात्र पुराने महाविद्यालय भवन में पढ़ाई करते हैं। आट्र्स एवं कामर्स के छात्र अधिक है। यहां पढ़ाने वाले प्रोफेसर उपलब्ध नहीं रहते हैं, अक्सर विद्यार्थी तफरीह करते नजर आते हैं। साथ ही जब विश्वविद्यालय के लिए भवन एवं भूमि आवंटित है तो, आखिर पुराने महाविद्यालय भवन का उपयोग विश्वविद्यालय क्यों कर रहा है। शासन ने नवलपुर में भूमि एलाट करा दी, करोड़ों रुपए आवंटित कर भवन बनवा दिया, लेकिन स्टाफ की व्यवस्था करने में उसे पसीना छूट रहा है। उसे सिर्फ विश्वविद्यालय दिखाई पड़ रहा है डिग्री कालेज नहीं। नवलपुर स्थित विश्वविद्यालय में फैकेल्टी 4 बजे के बाद लगभग नजर नहीं आती।

### शासकीय योजनाओं में भी बाधा

उच्च शिक्षा के लिए शासन ने बच्चों को सुविधा देने के विविध योजनाएं संचालित की हैं लेकिन विश्वविद्यालय में उन योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा है। जिससे निर्धन छात्रों को अध्ययन करने में परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। शासकीय महाविद्यालयों में प्रोत्साहन योजनाएं, शुल्क मे छूट आदि की योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन विश्वविद्यालय में उसके अपने नियम कायदे चलते हैं, वहां जरूरी नहीं कि वह शासन की योजनाओं को फ लित करे। इसलिए विद्यार्थियों को अध्ययन करने में कठिनाई आ रही है। नए सिलेबस के लिए भी विश्वविद्यालय ने कोई पहल नहीं की है। रोजगारमूलक, शोध विषयक व कलात्मक विकास से जुड़े पाठ्यक्रमों को भी यहां महत्व नहीं दिया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधि किस काम के?

जिले के हजारों युवा विद्यार्थी उच्च शिक्षा की सुविधा से वंचित होते जा रहे हैं, लेकिन इसकी कोई परवाह जनप्रतिनिधियों को नहीं है। जबकि इसके लिए शासन स्तर पर जानकारी देकर सशक्त ढंग से मांग की जानी चाहिए, जनप्रतिनिधि केवल वोट लेकर अपने विलास वैकुण्ठ में रमण करते हैं उन्हे जनता की जरूरतों और उनके दुख सुख से कोई सरोकार नहीं रहता है। जबकि क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना उनकी समस्याओं का समाधान कराना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का उत्तरदायित्व होता है। संभाग के अंदर यह स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है कि यहां अफसरशाही कितनी हावी है, इसका कारण यही है कि यहां के विधायक व सांसद जनता से दूर स्वयं अफसरों की रहमत के मोहताज रहते हैं।



## काव्य गोष्ठी एवं व्यंग्यकार शरद जोशी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन

**शहडोल।** मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन शहडोल इकाई के द्वारा व्यंग्यकार शरद जोशी की जयन्ती पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष किरण सिंह शिल्पी एवं इकाई के सदस्यों पदाधिकारियों द्वारा डाइट प्राचार्य रमाशंकर गौतम के सेवानिवृत होने पर विदाई सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंजू सिंह बघेल द्वारा सरस्वती वंदना एवं इश्ताक शहडोली के जनगीत से हुआ। संचालन संस्था के सचिव डॉ. दिलीप तिवारी एवं अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदेश संगठन सदस्य परमानंद तिवारी का रहा। कवयित्री छाया गुप्ता एवं डॉ.परमानंद तिवारी द्वारा शरद जोशी के कृतित्व ,व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अभिलाषा मिश्रा डाइट प्राचार्य रहीं। विशेष अतिथि अरुण नामदेव एवं पुष्पराज सिंह प्रभारी क्रीड़ा परिसर विचारपुर रहे। इस अवसर पर इकाई द्वारा डाइट के पूर्व प्राचार्य रमाशंकर गौतम को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । आयोजन में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में डॉ. परमानंद तिवारी, मुख्य अतिथि के रूप में डाइट प्राचार्य अभिलाषा मिश्रा, विशिष्ट अतिथि अरुण नामदेव, डाइट के पूर्व प्राचार्य रमाशंकर गौतम , इकाई की संयोजक किरण सिंह शिल्पी मंचासीन रही। काव्य गोष्ठी में छाया गुप्ता डॉ शिवसेन जैन संघर्ष, छाया गुप्ता राज, शिरीष नंदन श्रीवास्तव, नवनीत शर्मा, रजिंदर सिंह राज, बृजमोहन सराफ बशर, डॉ. दुर्गाशंकर श्रीवास्तव, डॉ.दिलीप कुमार तिवारी, शिवनारायण त्रिपाठी, पवन पांडेय, भैरवी चौधरी इश्ताक शहडोली, अंजू सिंह बघेल, डॉ.सरिता सलिल, डॉ. गोपाल निगम, डॉ.अनीता निगम , पुष्पराज सिंह प्रभारी क्रीड़ा परिसर विचारपुर उपस्थित रही । कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आभार प्रदर्शन इकाई की जिला अध्यक्ष किरण सिंह शिल्पी ने किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.दिलीप तिवारी ने किया ।

## मुख्य आरोपी को बचाने मासूम को बली का बकरा न बनाया जाएः सुभाष

### विधायक फुंदेलाल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने गांजा बरामद स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने जयसिंहनगर क्षेत्र मे गिरूईखुर्द जहाँ गांजा बरामद हुआ था, उक्त स्थल का निरीक्षण किया व पंचायत भवन मे ग्रामीणों के साथ बैठक कर वास्तविक जानकारी अर्जित की, तत्पश्चात जयसिंहनगर थाना में पहुंच कर थाना प्रभारी व एसडीओपी से बात की।

जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों के साथ बैठक में जो तथ्य सामने आए, उसके अनुसार जिस जमीन से गांजा जब्त हुआ, उस जमीन की देखरेख करने वाले व्यक्ति के घर मे वैवाहिक कार्यक्रम के लिए वह लकड़ी लेने के लिए वहां गया, जहां उसे काफी तादाद मे बोरियां नजर आईं, जिसमें से गांजे की गंध आ रही थी। आशंका होने पर उसने इस बात की जानकारी पुलिस को दी, कुछ समय बाद पुलिस मौके पर आई और थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी, तब पूरा पुलिसबल मौके पर पहुंचा, ग्रामीणों ने बताया बड़ी मात्रा में बोरियों में गांजा था, जिसे आनन-फानन मे मोटरसाइकिलों द्वारा एवं एक सफेद कलर की स्विफ्ट व एक ब्रेजा गाड़ी मे लाद कर गोलमाल किया गया, लेकिन जब मौके पर भीड़ ज्यादा बढ़ गई, तब बचे हुए माल को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया, ग्रामीणों ने बताया कि जंगल कि इस रोड़ से अक्सर गांजे की गाडिय़ों का आना जाना लगा रहता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने मांग करते हुए कहा कि इस मामले मे एएसआई संतोष मिश्रा व एएसआई विनोद सिंह की भूमिका काफी संदिग्ध है, इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, क्योंकि लोकल पुलिस द्वारा पक्षपात पूर्ण जांच किए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जिलाध्यक्ष ने कहा कि, इस मामले मे किसी को बली का बकरा बनाने की बजाय मुख्य आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल द्वारा जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में एथलेटिक्स खेल विधा में कुल 42 बालक-बालिका नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रातः 6:00 से 8:00 तक एवं शाम 5:00 से 7:00 तक प्रशिक्षण, जिला खेल प्रशिक्षक धीरेंद्र सिंह के द्वारा दिया जा रहा है। खेल प्रशिक्षण शिविर में 6 वर्ष से लेकर 19 वर्ष के बालक-बालिका प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होनें बताया कि प्रशिक्षण शिविर 12 मई से प्रारंभ हुआ है एवं 12 जून तक चलाया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडिय़ों में अच्छा उत्साह है साथ ही अभिभावक भी गहरी रुचि ले रहे हैं। प्रशिक्षण में जनरल वार्म अप, स्पेसिफिक वार्म अप, एंडोरेंस रनिंग, गोला फेक, स्प्रिंट रनिंग के बारे में खिलाडिय़ों को प्रायोगिक अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी एथलेटिक्स खेल विधा में गहरी रुचि ले रहे हैं एवं दोनों टाइम नियमित रूप से सुबह तथा शाम प्रशिक्षण ले रहे हैं, इस प्रशिक्षण शिविर में उपेंद्र सिंह, लक्ष्य सिंह, दीक्षा पटेल, स्वाती, त्रिशिका, वैष्णवी गुप्ता, जीशान सहित अन्य खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## राहगीरों की प्यास बुझा रही युवा टीम

### धुरवार चौराहे पर राहगीरों को पिला रहे ठंडा शीतल पानी



शहडोल।

भीषण गर्मी में बुढ़ार हाईवे रोड के समीप ग्राम पंचायत धुरवार के चौराहे के राहगीरों को शीतल पानी मिल सके ऐसे उद्देश्य एवं सेवा भाव के साथ जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम शहडोल के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राहगीरों को निशुल्क प्याऊ जल के माध्यम से शीतल व ठंडा जल प्रदान किया जा रहा है।इस भीषण गर्मी को देखते हुए। सभी जल सेवक आवाज लगाकर प्रत्येक इंसान को ठंडा पानी प्रदान करने का काम करते दिखाई देते है। ठंडे पानी को देखकर राहगीर खुद इन जलसेवको के पास खींचे चले आते है।

जल सेवक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहां की गर्मी के मौसम में हम मुसाफिरों को ठंडा पानी पिलाते हैं।गर्मी के तीन महीने तक यह काम करते हैं। टैम्पो, बस,ऑटो के पास यह जल-सेवा की जाती है। उन्होंने ने बताया कि जल-सेवा के काम में अब 10 लोग शामिल हैं।राहगीरों पर पानी पिलाने का जो भी खर्च आता है, वह पैसा हम लोग अपने स्तर पर जुटाते हैं। घर खर्च के लिए जो भी राशि परिवार व नगर के लोगो से मिलती है, उससे ही जल सेवा कर रहे हैं।राहगीरों शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। टीम द्वारा बस,ऑटो,टेम्पो चौराहे पर पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बोतल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि हाईवे रोड से गुजरने वाली यात्री गाडिय़ों में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। इससे सफर की थकान और गर्मी के मौसम से बेहाल यात्रियों को काफी राहत मिल रही है।इस दौरान खुशी सेन,संजीवनी पटेल, राहगीर विकेश नापित,सत्तू जैसवाल,गोलू लोधी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने बोधी बंधान कार्य में निभाई सहभागिता



**शहडोल।** जल है अनमोल समझें इसका मोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोहपारू जनपद पंचायत में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ग्राम पचांयत भदवाही के झुंझा नाला में समाज एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से बोरी बंधान का कार्य किया गया। जिससे स्टाप डैम में नाले के भराव क्षेत्र में पानी भर गया। अब गांव के लोग पानी का उपयोग निस्तार एवं अन्य कार्यों में कर रहे हैं। झुंझा नाले में बनाए गए स्टॉप डैम से पानी की धारा व्यर्थ में बह रही थी। पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा था। ग्राम पंचायत भदवाही के सहयोग से जनपद पंचायत गोहपारू द्वारा स्टाप डैम में बोरी बंधान का निर्णय लिया गया। बोरी बंधान में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पचांयत मुद्रिका सिंह, सीईओ जनपद पंचायत गोहपारू वेदमणि मिश्रा, सहायक यंत्री प्रशांत, उपयंत्री, ग्राम पंचायत के सरपंच,पंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी बोरी बंधान में श्रमदान किया।

# नरवाई जलाने वाले किसानों पर दर्ज करें एफआईआर: कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज, उमरिया।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की बैठक में बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उमरिया जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है। खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन धन संपत्ति प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सडन्ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उन्होने कहा है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163(2) के अंतर्गत आदेश का प्रभावी पालन कराया जाए । यदि नरवाई जलना पाया जाता है तो किसानों के विरूध्द वसूली की कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाए ।

बैठक में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी .आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति बैठक संपन्न हुई । बैठक में जिला खनिज अधिकारी फरहद जहां ने बताया कि वार्षिक लक्ष्य 93 करोड़ रूपये का है । वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 से मई 2025 तक का लक्ष्य 10करोड 70 लाख रूपये का था जिसके विरूध्द 5 करोड 60 लाख रूपये की वूसली की गई है । इसी तरह अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 मे अप्रैल 2025 से 24 मई 2025 तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरणों में से 7 प्रकरणों में 0.87 लाख रूपये, अवैध परिवहन के 12 प्रकरणों में से 8 प्रकरणों में 2.31 लाख रूपये तथा अवैध भंडारण के 1 प्रकरण में से 0.39 लाख रूपये की वसूली की गई है । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महरोबिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज, उमरिया।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का शुरू हुआ वजन सत्यापन अभियान



**उमरिया।**

आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनमोहन सिंह कुशराम ने बताया कि उमरिया जिले में 26 मई को अमरपुर क्रमांक 2, भरौली क्रमांक 1, मुडग़ुड़ी क्रमांक 2, टिकुरी क्रमांक 2, बिजौरी सेक्टर अंतर्गत डोडक़ा क्रमांक 2, दुलहरा, हिरौली, मरईकला, चिल्हारी सेक्टर अंतर्गत चिल्हारी क्रमांक 2 पलझा, इंदवार सेक्टर अंतर्गत इंदवार क्रमांक 1, झिरिया टोला दमोय आंगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों का कुपोषण दूर करने हेतु कार्य योजना के तहत बच्चों का वजन सत्यापन किया जा रहा है । वजन सत्यापन के दौरान गंभीर कुपोषित मिलने वाले बच्चों के अभिभावकों को एनआरसी में भर्ती कराने की समझाईश दी जा रही है तथा सुपुष्टि चूर्ण खिलानें का आग्रह किया जा रहा है । इसके साथ ही एनआरसी से डिस्चार्ज के पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व्दारा गृह भेंट के माध्यम से फालोअप किया जाएगा । साथ ही पोषण ट्रेकर एप संपर्क एप में फालोअप एवं सत्यापन का कार्य किया जा रहा है ।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोपी को 12 घंटे के अन्दर बिजुरी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**

फरियादिया निवासी बेलिया छोट थाना बिजुरी की उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि आरोपी राजेन्द्र त्यागी निवासी कोरजा का मुझे शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया शारीरिक शोषण किया एवं जब मैं उसे शादी करने के लिए बोलती हूं तो मुझे जान से मारने की धमकी देता है और बोलता है कि बार बार शादी के लिए बोलोगी तो मैं तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। राजेन्द्र त्यागी के द्वारा मुझसे शादी करने का वादा करके मेरे साथ शारीरिक शोषण किया गया है और अब शादी करने से मना कर दिया है फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध धारा 69, 351 (3) बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया जाकर आरोपी राजेन्द्र त्यागी निवासी कोरजा की पता तलास सकूनत पर की गई जो पुलिस के त्वरित संज्ञान के कारण पुलिस द्वारा कायमी के १२ घंटे के अंदर गिरिफ्तार किया गया है। इस प्रकार वरिष्ठ अधिकारीयों के कुशल नेतृत्व में बिजुरी पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में आरोपी राजेन्द्र त्यागी निवासी कोरजा को अपराध पंजीयन के 12 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, प्र.आर. सतीष मिश्रा, आर. 349 रामनिवास गुर्जर, आर. 380 आनन्द बैस की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का युवा टीम ने किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज, उमरिया।**



स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य युवा टीम उमरिया के द्वारा मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में हैप्पी टू हेल्प क्लब के संयुक्त से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 बच्चों उनके परिजन सहित अन्य वर्ग की आवश्यक जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के उपरांत सभी किशोर किशोरियों को फल व बिस्किट भी प्रदान किया गया। शिविर में बॉडी फैट मसल स्कैनर और हेल्थ कोच की मदद से अंदर बाहर का फैट, मांसपेशियों का स्तर, बीएमपी, बीएमआर,बोडी ऐज जाँच की गई।

टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में किशोर किशोरियों की बॉडी के अंदर बाहर का फैट, मांसपेशियों का स्तर,बीएमपी,बीएमआर व आदि की जांच की गई। उन्होंने कहा कि युवा टीम का उद्देश केवल पीड़ित मानवता की सेवा करना।उन्होंने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन 1 सप्ताह तक विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जायेगा।चिकित्सीय दल ने किशोर किशोरियों को मौसमी बीमारियों हेल्दी लिवर, आयरन युक्त आहार पोषण स्वच्छता तथा दैनिक दांतों की साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। शिविर में हैप्पी टू हेल्प क्लब के कोच जितेंद्र ठाकुर, सीनियर कोच जितेंद्र यादव, कोच राजकुमार विश्वकर्मा ने अपनी सेवा निशुल्क प्रदान की और विभिन्न बीमारियों से जूझने वाले पीड़ितों को निशुल्क परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान इनका महत्वपूर्ण योगदान टीम संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,संजीवनी पटेल ,अंकित गौतम,नेहा सिंह, पलक सिंह रघुवंशी,आरुष शिवहरे, शुभम पटेल, ऋषभ रजक,कृष्ना देवी बैगा, अतिव्य रजक, श्रेयांश गौतम,सत्यम सेन व आदि के सहयोग से शिविर सफल हो सका।

## राजनगर में अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा महिलाओं ने धूमधाम के साथ मनाया

# पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा व्रत

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।**

राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत रविवारीय बाजार में पूजन सामग्री की बिक्री इस व्रत को लेकर काफी भीड़ रही। महिलाओं ने पूजन सामग्री सहित बांस का पंखा आदि को खरीदारी की। इसके अलावा डलिया और पल की भी बिक्री हुई। राजनगर भगत सिंह चौक तथा बाजार में पंखा, श्रृंगार सामग्री, टोकरी, उलिया में दान सामग्री, चूड़ी, बिंदी, आइना सहित अन्य की विक्री हुई। सजा हुआ डलिया 51-251 रुपये, ताड़ कर पंखा 10-20 रुपये प्रति पीस और बांस पंखा 30-50 रुपये प्रति पीस बिका। मौली धागा 10-50 रुपये, टोकरी 10-50 रुपये प्रति पीस, वट सावित्री कथा को किताब 20-30 रुपये और श्रृंगार सामान 10-150 रुपये आदि की कीमत से बिका। दुकानदारों ने बताया कि, बांस का पंखा बनारस से और ताड़ पंखा बिहार के गया शहर से मंगाया गया है।



### वट सावित्री व्रत का महत्व

वट सावित्री व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती है। इस मौके पर वट वृक्ष की पूजा की जाती है। इस दिन सावित्री और सत्यवान की कथा सुनने का विशेष महत्व है, जो एक पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। पुराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश कर वार होता है, इसलिए इसके नीचे बैठकर पूजन और व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूरी होती है, मान्यता के अनुसार सुहागिन महिलाएं वट सावित्री का व्रत करती है और वट वृक्ष की पूजा करती है, उन्हें अखंड सौभाग्य का फल मिलता है।

### क्या है मान्यता

वट सावित्री व्रत की मान्यता है, कि इसी दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। इसलिए सुहागिन महिलाओं के लिए यह व्रत करती खास माना जाता है। व्रत करने वाली महिलाएं सोलह श्रृंगार कर के बरगद के पेड़ में कच्चा सूत बाधती है। वट वृक्ष की परिक्रमा कर पति के लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती है। वट सावित्री व्रत के लिए सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर नयी दुल्हन की तरह सजती है। राजनगर कन्या स्कूल रोड कि नगर कि ख्याति प्राप्त, लोकप्रिय, रूप निखार ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती आरती शाह ने बताया कि, इस त्यौहार के एक दिन पूर्व रविवार को ही महिलाएं पार्लर आती रही, यहां पर महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी लगवाने के लिये अपनी पारी का इंतजार करती रही। हर वर्ष की भांति इस बार महिलाओं में उत्साह ज्यादा देखने को मिला।



# ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 13 गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में 1 मई से किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में बादल राय, परमजीत सिंह, सुनील मोटवानी, मिथलेश कुमार, दुर्गेश सहित अन्य लोगों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन कराते हुए बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ाया जा रहा है। शिविर सुबह 6 से 8 बजे तक चलता है जिसमें 100 से ज्यादा बच्चे एवं खेल प्रेमी रहते है। शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए दौड़, विभिन्न प्रकार के व्यायाम, खो खो, फुटबॉल, रस्सी कूद सहित अन्य खेलो का प्रशिक्षण दिया जाता है। समय समय पर नगर के समाजसेवियों द्वारा बच्चों के पौष्टिक आहार की भी व्यस्था कराई जाती है। आयोजन संस्था द्वारा नगर के समस्त माता_पिता से अपने बच्चों को स्वास्थ्य एवं खेल के प्रति जागरूक करने को लेकर शिविर में भेजे जाने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप



### अवैध मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए है कि जिले मे अवैध रूप से बिक रही मदिरा को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराएं । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । बैठक में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### कार्बिंग गस्त के दौरान चचाई पुलिस द्वारा एक स्थाई, दो गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया



**चचाई।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में 25/5/2025 को कांबिंग गस्त के दौरान थाना चचाई पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट प्रकरण क्रमांक 18/22 धारा 454 380 आईपीसी के स्थाई वारंटी अबचारी बालक निवासी कैल्हौरी एवं प्रकरण क्रमांक 203/23 धारा 138 NIA के वारंटी देवशरण केवट पिता जयकरण केवट निवासी बकेही, वार्ड नंबर 2 एवं प्रकरण क्रमांक 314/24 धारा 379 आईपीसी के वारंटी जागेश्वर यादव उर्फ गुड्डा यादव पिता जगदीश यादव उम्र 26 वर्ष निवासी देवहरा को दस्तयाब कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना चचाई एवं पुलिस चौकी देवहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### रिमझिम बारिश के कारण मौसम हुआ खुशनुमा



**कोतमा।** नौतपा का आगमन रविवार को भीषण गर्मी के साथ शुरू हुआ। वहीं सोमवार की सुबह राहत भरी रही जहां रिमझिम बारिश के कारण मौसम खुशनुमा हो गया। सुबह हुई बारिश के कारण दिन भर आसमानों में बादल छाए रहने से गर्मी से राहत प्रदान हुई। पिछले 10 दिनों से लगातार मौसम में बदलाव का दौर बना हुआ है। सुबह तेज धूप रहती है तो वहीं दोपहर एवं शाम को हवाओं के साथ बारिश भी होती रहती है। बारिश के बाद जहां गर्मी से तो राहत मिलती है लेकिन उमस और चिपचिपाहट वाली गर्मी लोगो को परेशान कार रही है। आए दिन हो रही तेज आंधी तूफान एवं बारिश से जहां मौसमी फलों के सब्जियों को भारी नुकसान हो रहा है। इस कारण बाजार में फल एवं सब्जियों के दाम में भी तेजी देखने को आई है। मौसम जानकारो के अनुसार नौतपा में बारिश होने से अच्छी वर्षा होने का आसार माना जाता है।

### बेशकीमती सरई के हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम जारी



**कोतमा।** वन परिक्षेत्र बिजुरी अंतर्गत केशौरी बीट में पिछले कई दिनों से बेशकीमती शाल (सरई) के हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम जारी है। बताया जा रहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता से वन माफिया बेखौफ होकर सरई के जंगलों पर कुल्हाड़ी चलाकर उजाड़ रहे है। सर्किल प्रभारी एवं बीट गार्ड की सांठगांठ से वनों का कत्लेआम हो रहा है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सालों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** बड़वारा एवं रीठी पुलिस ने दो फरार वारंटिंयों को गिरफ्तार कियास है। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए रहे अभियान के तहत पिछले 9 वर्षों से फरार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़वारा उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी बाबू लाल कोल पिता राधेलाल कोल 32 साल निवासी नंहवारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, सहायक उप निरीक्षक महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक लालजी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह रीठी थाना की सलैया चौकी पुलिस ने वर्ष 2020 से फरार स्थाई वारंटी लखनलाल चक्रवर्ती पिता विश्राम चक्रवर्ती निवासी बड़गांव को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे ने बताया कि उक्त फरार वारंटी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा देकर भागता फिर रहा था। आरोपी को पकड़ने के बाद न्यायालय पेश किया गया।

### उपनगरीय क्षेत्रों में फागिंग मशीन से किया गया धुआं

**कटनी।** नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गों की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों को ग्रीष्म काल में मच्छरों से निजात दिलाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान प्रारंभ किया जाकर रोजाना विभिन्न वार्डों में धुआं करने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ अधिकारी नगर निगम संजय सोनी ने बताया कि नगर में संचारी रोग के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि फागिंग मशीन के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य रहवासी गलियों में मच्छरों की रोकथाम हेतु रासायनिक धुंआ का छिड़काव कराया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई रखने के साथ ही पानी का भराव न होने देने संबंधी जानकारी प्रदान कर बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।

### गंदगी फैलाने वाले 16 लोगों पर 3200 रुपये जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के चलते अब गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने वाले 16 लोगों पर जुर्माना करते हुए 3 हजार 200 रुपए का फाइन किया जाकर निगम कोष में जमा कराया गया। निगम प्रशासन द्वारा लगातार लोगों से अपने घरों और आसपास की सफाई रखने, कचरा कहीं पर भी नहीं फेंकने और गंदगी नहीं फैलाने की अपील लगातार की जा रही है। इसके बाद भी देखने में आ रहा है कि लोगों द्वारा इधर-उधर कचरा फेंककर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी की जा रही है। जबकि एक दिन पूर्व ही शुक्रवार को 6 लोगों पर 1500 रुपए जुर्माना कर गंदगी नहीं फैलाने की हिदायत की गई थी, वही शनिवार को भी गंदगी फैलाने वाले और कचरा इधर-उधर फेंकने पर जोन क्रमांक 3 के 7 लोगों पर कुल 1400 रुपए तथा जोन क्रमांक 4 के 9 लोगों पर 1800 रुपए कुल 3200 रुपए का जुर्माना लगाया गया। निगम प्रशासन द्वारा अब तक कुल 5 हजार 700 रुपए के जुर्माने की कार्यवाही गंदगी फैलाने वाले लोगो पर की जा चुकी है। आयुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखने तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डस्टबिन का कचरा डालने का आग्रह करते हुए कहा है कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बिना नागरिकों के सहयोग के नगर को साफ ओर सुंदर नहीं रखा जा सकता। आपने वार्डो में कहीं पर भी कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश निगम के सफाई दरोगाओं को दिए हैं।

### अपने दो साथियों के साथ वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा ने श्रमजीवी पत्रकार परिषद की ली सदस्यता

# पत्रकारों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई द्वारा आयोजित पत्रकारिता का बदलता स्वरूप और चुनौतियां पर एक दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकार उपस्थित रहे। जहां नगरीय एवं ग्रामीण पत्रकारों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान बिजुरी नगर के वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा, संजीव पांडेय के साथ अजय रस्तोगी ने परिषद के अनुशासन, पत्रकारों की सुरक्षा एवं उनके अनुशासन वा राष्ट्रीय, प्रदेशिक एवं संभाग के पदाधिकारियों द्वारा दिये जा रहे मार्गदर्शन एवं उनके कार्यो से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी से परिषद की सदस्यता ली। जहां राष्ट्रीय संयोजक ने तीनों पत्रकारों को साल से सम्मानित कर उन्हे पुष्प गुच्छ देकर परिषद में उनका स्वागत किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा ने बताया कि आज राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर जिले का सबसे बड़ा संगठन के रूप में बहुत ही कम समय में उभर कर सामने आया है, इसके साथ ही परिषद द्वारा जिले के पत्रकारों के लिए रखी रूपरेखा एवं पत्रकार हित में कुछ नया किया गया है, जिसे अब तक किसी संगठन द्वारा नही किया गया। प्रशिक्षण सत्र के बाद जिस तरह से प्रदेश से पहुंचे अतिथियों द्वारा चाहे परिषद से जुड़े हो या ना हो सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया, यह अपने आप में एक नई वा अनुकरणी पहल देखी गई। इस पहल से जिले के समस्त पत्रकार एकजुट दिखे। उन्होने बताया कि असल में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद में पत्रकारों के मान सम्मान की रक्षा लिए प्रतिबद्व है। परिषद के पदाधिकारियों सहित समस्त पत्रकार सदस्य की एकजुटता, पत्रकारो के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए रचनात्मक गतिविधियां, संगठनात्मक कार्यो को गति देने एवं एकजुटता बनाये रखने की मिशाल राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर में देखी गई है।

पत्रकार कमलेश मिश्रा के परिषद में सदस्यता लेने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला सहित शहडोल और अनूपपुर जिले के कार्यकारिणी में संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पांडेय, संरक्षण मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, संभागीय सचिव श्याम तिवारी, अनूपपुर संरक्षक मंडल के अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, परिषद के जिला महामंत्री श्रवण उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव संतोष चौरासिया, चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय निगवानी, ब्लॉक महासचिव संस्कार गौतम, ब्लॉक सचिव मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल बिजुरी, संगठन मंत्री अधिकलाल यादव राजनगर, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष मदनमोहन मिश्रा, महासचिव पकंज पंजवानी, अनूपपुर अध्यक्ष दिगंबर शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनूपपुर अमित तिवारी, ब्लॉक महासचिव अजय नामदेव, ब्लॉक सचिव निगमदास चौधरी एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे सहित गिरीश राठौर, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, संतोष झा, धर्मेन्द्र कांत तिवारी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नियामुद्दीन अली, नीरज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद यादव, अजीत तिवारी, अमीन वारसी, आर.सी. मिश्रा, प्रकाश तिवारी(मोंटी), आशुतोष सिंह, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, गौरव दहिया, बृजेश जयसवाल, रमेश जयसवाल, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, सीताराम पटेल, डी.एस.राव, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, धनंजय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीराम केवट, रामचरण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, अनिल कुमार सोनी, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार बैंस, प्रहलाद गुप्ता, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मंडावी ने उनका स्वागत किया।

# किसकी शह पर चल रहा गांजा तस्करी का धंधा

### प्रशासन मौन, कई दिन बित गए अभी तक बना हुआ है रहस्य, गांजा सरगना का अतिशीघ्र खुलासा हो -सुभाष त्रिपाठी

**ब्यौहारी।** बाणसागर के कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सुभाष त्रिपाठी ने मांग की है बीते दिनों शहडोल जिले अंतर्गत जयसिंहनगर तहसील के ग्राम गिरुई खुर्द में नारकोटिक्स ब्यूरो व प्रशासन ने करोड़ों रुपए के गांजे को स्थानीय खेत से जब्त होना बताया जा रहा है जबकि इतने कीमत और इतने मात्रा मे गांजा व्यवस्थित ही रखा गया होगा खुले खेत मे तो नही रखा गया होगा,इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कब से और कैसे पहुंच रहा है यह भी प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है व इस कार्यवाही में बड़े बड़े प्रभावशाली लोगों की ओर इंगित हो रहा और प्रशासन को किसी ने खबर दी होगी प्रशासन का कोई मुखबिर से सूचना मिली होगी और प्रशासन को दवाब में आकर कार्य करना संदेहस्पद है इतनी बड़ी मात्रा में गांजा आया और इतनी आसानी से खेत में उतारा गया और किसी को खबर तक नहीं लगी आश्चर्य है जिस वाहन में यह तस्करी हुई उसमें कौन था किसके गुर्गे थे यह सब प्रशासन ने अपनी कार्रवाई से नदारद रखा क्यों शहडोल संभाग सहित जिले के बाहर व अन्य राज्यों से जुड़े इस तस्करी के तार और भाजपा के लोगों का इसमें संलिप्त होना प्रशासन की निष्पक्षता में सवाल खड़े करता है बीते कई दिनों से इस मामले को दबाना और आवाज उठाने वालों को मैनेज करना आखिर इतना बड़ा खेल किसके दवाब में किया जा रहा है यह भी एक सवाल है क्या जिले के नारकोटिक्स ब्यूरो व प्रशासनिक अधिकारियों के ऊपर दबाव है और इस मामले को रफा-दफा करने की साजिश रची जा रही है ऐसी जन चर्चा है और जन चर्चा मे कई प्रभावशाली लोगों का नाम भी है सही मायने में इस तस्करी के आरोपी को प्रशासन बचाने की फिराक में है बीते कई सालों से इस गोरखधंधे के सरगना को पुरा जिला जानता है परंतु कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा सकता है क्योंकि उनके उपर क्षेत्र के सासंद विधायक व प्रभारी मंत्री का हाथ है मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से व जिला प्रशासन व नारकोटिक्स ब्यूरो के उच्च अधिकारियों से इस मामले में उच्चस्तरीय जांच या तो फिर सीबीआई से जांच की मांग है व स्थानीय प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हुए इस पुरी कार्यवाही में स्थानीय लोगों की भूमिका को दूर रखते हुए असली अपराधी को बेपर्दा कर समुचे शहडोल जिले व्याप्त इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने की मांग है की है। पुलिस द्वारा लगातार यह गुमराह किया जा रहा है कि गंज घर में मिला है घर मलिक को अभी तक गिरफ्तार नहीं करना पुलिस की भूमिका पर संदेह पैदा कर रहा है कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जिसके घर में मिला है उसको तुरंत गिरफ्तार कर उससे पूछताछ हा किया जाए तो तुरंत असली सरगना को पकड़ा जा सकता है वैसे आज पुष्पराजगढ़ के माननीय विधायक फुंदेलाल जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने मौके पर जा कर निराक्षण किया है।



# वट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने की अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज, अमलाई।



स्थानीय क्षेत्र में आज वट सावित्री व्रत का उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों सुहागिन महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधिवत पूजा-अर्चना की।महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया और वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पतियों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में पूजन की टोकरी लेकर नारियल, धूप, दीप, मिठाई, सूती धागे आदि से व्रत की सभी पारंपरिक विधियों का पालन किया।वट वृक्ष को धागों से लपेटकर महिलाएं भगवान से आशीर्वाद मांगती नजर आईं। आयोजन स्थल पर भक्ति गीतों का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया।स्थानीय समाजसेवियों और बुजुर्गों ने बताया कि यह पर्व भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते की गहराई को दर्शाता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में परंपरा और संस्कृति की जड़ों को भी मजबूती देता है।

### कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने की कार्यवाही

# पुलिस की पकड़ में आया बदमाश, झाड़ियों में छिपा रखी थी चोरी की बाइक, बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बाइक चोरी करने वाले एक बदमाश को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश ने बाइक चुराने के बाद नदी किनारे झाड़ियों में छुपा रखी थी। पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से बाइक बरामद करते हुए उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया।

बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा सभी थाना प्रभारियों को चोरी के अपराधों का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाइयां की जा रही हैं। इसी क्रम में संतोष कुमार बर्मन पिता किशोर बर्मन उम्र 48 वर्ष निवासी नायक मोहल्ला बिलहरी थाना कुठला ने 23 मई 25 को रिपोर्ट दर्ज कराई की 22 मई 25 की दरमियानी रात घर के सामने रखी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 zc 1798 कीमती 80000 रुपए की कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय के निर्देशन में विवेचना के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वृंदावन बर्मन पिता उत्तम चंद्र बर्मन उम्र 34 साल निवासी ग्राम घिनौची चौकी बिलहरी थाना कुठला का बताया। सख़्ती से पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर संगम नदी के झाड़ियों में छुपा देना उसने स्वीकार किया। उक्त मोटरसाइकिल आज 24 मई 2025 को आरोपी वृंदावन से जप्त की गई।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, सउनि दामोदर राव, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, आरक्षक दिलकेश्वर सिंह, आरक्षक विकास कुमार, आरक्षक सौरभ जैन की सराहनीय भूमिका रही।

### मन की बात में पीएम ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। जिले की चारों विधानसभा में हजारों लोगों ने मन की बात को सुना। पीएम मोदी ने कहा आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है... उन्होंने कहा हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्निशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।

### नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर, एसपी, निगमायुक्त को लिखा शिकायती पत्र

# अंजुमन स्कूल में चल रही प्रदर्शनी की अनुमति निरस्त करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंजुमन इस्लामिया स्कूल में चल रहे प्रदर्शनी, मनोरंजन मेला लगाने की अनुमति को निरस्त कर कार्यवाही की मांग नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता ने की है। रागिनी गुप्ता ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार कटनी नगर, आयुक्त नगर पालिक निगम, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, यातायात थाना प्रभारी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि जिला चिकित्सालय कटनी में विभिन्न स्थानों से मरीज एम्बुलेंस इत्यादि वाहनों से इमरजेंसी में इलाज हेतु आते हैं साथ ही नजदीक ही मुड़वारा स्टेशन भी स्थित है। जिला चिकित्सालय के ठीक सामने अंजुमन स्कूल में अवैध रूप से मनोरंजन मेला लगाने की अवैधानिक अनुमति प्रदान कर दी गई है जो कि पूर्णतः नियम विरुद्ध है। अवैध रूप से लगाए गए मनोरंजन मेला से अस्पताल और मुड़वारा स्टेशन के मुख्य मार्ग पर निरंतर जाम होने से मरीजों और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और यातायात विभाग, पुलिस प्रशासन व नगर निगम प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है जिससे कभी भी किसी मरीज के साथ अनहोनी हो सकती है।

नियमानुसार किसी शैक्षणिक संस्थान में कोई मनोरंजन मेला लगाने, वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर रोक लगाई गई है उसके बाद भी प्रशासन द्वारा मेला लगाने की अनुमति प्रदान करना समझ से परे है यदि कोई अनहोनी घटित होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने पत्र लिखकर मांग की है कि तत्काल शैक्षणिक संस्थान अंजुमन स्कूल में लगे मनोरंजन मेला को बंद कराते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन पर रोक लगाने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।

### 27 मई से कार्यवाही करने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# अवैध होर्डिंग को हटाने निगमायुक्त ने 17 सदस्यीय विशेष दल का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 एवं सम्पत्ति विरूपण नियम 3 के तहत नगरीय सीमांतर्गत शासकीय निजी भूमि एवं सम्पत्तियों में लगे अनाधिकृत पोस्टर बैनर होर्डिंग फ्लैक्स अपराध की श्रेणी में आने के कारण उन्हें बलपूर्वक हटाने एवं जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाना है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर नगरीय सीमांतर्गत लगे अनधिकृत होर्डिंग्स को 27 मई से प्रतिदिन प्रातः से प्रचलित नियमों के परिपेक्ष्य में हटने की कार्यवाही सुनिश्चित करने विशेष दल का गठन किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक एवं प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत नगर की अनाधिकृत होर्डिंग्स को हटाने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जबकि अश्विनी पांडे योगेश पवार विनोद सिंह बाबूलाल रजक एवं सनीश रजक को अनाधिकृत होर्डिंग चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए गठित दल के साथ होर्डिंग हटवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल और उपयंत्री संजय मिश्रा एवं जे.पी.सिंह बघेल को स्थल पर उपस्थित रहकर होर्डिंग हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी को अतिक्रम दस्ते के साथ उपस्थित रहने जेसीबी वाहन एवं ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब कराने के साथ ही वेल्डिंग मशीन कटर सहित मौके पर

उपस्थित रहकर होर्डिंग पर कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

पूर्व में भी दी जा चुकी सूचना

उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि भवन एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि-भवन पर तथा अन्य स्थानों पर बिना अनुमति के स्थापित विज्ञापन फलक को 03 दिवस के अंदर स्वतः अलग करने हेतु समय-समय पर आम सूचना द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु संबंधितों द्वारा बिना अनुमति के लगाई गई होर्डिंगों को नहीं हटाया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में नगर निगम द्वारा स्वयं ही विशेष दल के माध्यम से अनधिकृत होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में आने वाले संपूर्ण व्यय की क्षतिपूर्ति भूमि, भवन स्वामी से वसूल की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### घायल व्यक्तियों को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अनूपपुर के थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र में सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट जाने से 02 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 26-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक विमल सिंह एवं पायलेट संतोष मिश्रा ने मौके पर पहुँचकर बताया कि सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट जाने से मोहित पिता वंशगोपाल उम्र 25 वर्ष तथा चंद्रा बाई उम्र 30 वर्ष सभी निवासी बरगी घायल हो गए थे। डायल-112/100 जवानों ने दोनों घायलों को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर राजेन्द्रग्राम अस्पताल में भर्ती करवाया । डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायलों को समय पर उपचार मिला।

### पवित्र नगरी अमरकंटक में नौतपा के दूसरे दिन झूमकर बरसे बादल



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में नौतपा के दूसरे दिन उमड़ घुमड़ कर बरसे बादल फलस्वरूप अमरकंटक नगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा वर्षा होने से तापमान नीचे गिर गया पारा नीचे आ गया पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड नंब 1 एवं 3 हिंडालको वार्ड नंबर 2 एवं 4 बाराती एवं काटजू ग्राम तथा नाका में जोरदार बारिश हुई तथा वैतरणी नर्मदा मंदिर के आसपास सामान्य बारिश हुई आज सुबह से ही अमरकंटक नगर में बादल उमड़ घमड रहे थे अंततः ढाई बजे के बाद बारिश हुई मौसम अच्छा खासा सुहाना हो गया। नौतपा के पहले दिन भी हल्की धूप रही फलस्वरूप ज्यादा गर्मी महसूस नहीं की गई।

### बम्हनी, छिल्पा तथा जमुनिहा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम 29 को

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। शासन के निर्णय अनुसार विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम पंचायत बम्हनी, छिल्पा तथा जमुनिहा में 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अन्तर्गत कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन/उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी तथा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।

## 12 मेगावाट की आड़ में काला कोयला, सफेद झूठ और नियमों की ताबड़तोड़

# 'हरित ऊर्जा' की जगह 'काले धंधे' और 'कोयले की कालिख' का केंद्र बन गया प्लांट

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** जिले के गोहांडरा डोंगरतला गांव की जमीन पर कभी एक हरित क्रांति की नींव रखी गई थी। आर्या एनर्जी लिमिटेड द्वारा संचालित 12 मेगावाट क्षमता वाला बायोमास पावर प्लांट इस उम्मीद के साथ मंजूर हुआ था कि यह स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का आदर्श बनेगा बायोमास जैसे चावल की भूसी, पुआल, लंताना, यूकेलिप्टस, लकड़ी अपशिष्ट आदि का उपयोग कर पर्यावरण के अनुकूल बिजली उत्पन्न करेगा, लेकिन आज, यही संयंत्र कथित 'हरित ऊर्जा' की जगह 'काले धंधे' और 'कोयले की कालिख' का केंद्र बन गया है। इस प्लांट को सरकार की स्पष्ट नीति के तहत मंजूरी मिली थी।

**आर्या एनर्जी लिमिटेड द्वारा संचालित प्लांट मे नियमों की खुलेआम अवहेलना**

कुल 89,812 टन वार्षिक कच्चे माल में से 80,831 टन यानी 90% बायोमास और केवल 8,981 टन (10%) कोयले का उपयोग वह भी सिर्फ सह-ईंधन (Co-firing) के रूप में। उद्देश्य था किसानों की फसल अवशेष से बिजली बनाना और प्रदूषण कम करना। मगर हकीकत इससे उलट है प्लांट में अब 90 से 100 प्रतिशत तक कोयले का ही इस्तेमाल हो रहा है, वह भी खुल्लम-खुल्ला अवैध कोयला।

हैरानी की बात यह है कि यह प्लांट मूल रूप से बायोमास आधारित है, जिसे कोयले की सीमित मात्रा (सिर्फ 10%) सह-ईंधन के रूप में उपयोग करने की अनुमति है। इसके बावजूद परिसर में इस समय 2,500 से 3,000 टन कोयले का अवैध स्टॉक मौजूद है, जो नियमों की खुलेआम अवहेलना है। इतनी बड़ी मात्रा में कोयले का भंडारण स्पष्ट रूप से इस बात का सबूत है कि यह प्लांट अब हरित ऊर्जा का केंद्र नहीं।



### मिनी थर्मल पावर प्लांट है

स्थानीय कर्मचारियों, ट्रक चालकों और गांववासियों की मानें तो यह कोयला किसी अधिकृत खदान से नहीं, बल्कि केशवाही क्षेत्र से अवैध खनन कर लाया जा रहा है। दर्जनों ट्रक रोज़ाना रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिन-दहाड़े इस कोयले से लदे होकर प्लांट में घुसते हैं न रोक, न तलाशी, न जांच। जैसे यह कोई 'नो रूल ज़ोन' हो, जहां न कानून की पहुंच है, न शासन की चिंता। इस पूरी प्रक्रिया में न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि वायु (प्रदूषण नियंत्रण और निवारण) अधिनियम, 1981, कोल माइन्स (स्पेशल प्रोविजन) एक्ट, 2015, और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की भी सरेआम धज्जियाँ उड़ रही हैं। इन सबके बावजूद प्रशासन की चुप्पी और विभागों की निष्क्रियता अपने आप में सबसे बड़ा अपराध प्रतीत होती है। कोई सोच भी नहीं सकता कि जिस संयंत्र को बायोमास आधारित कहकर सरकारी सब्सिडी, छूट और लाइसेंस मिले थे, वह अब 'मिनी कोल बेस्ड थर्मल पावर स्टेशन' बनकर पर्यावरणीय विनाश और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है। चिमनियों से निकलता धुआं अब बिजली से ज़्यादा ज़हर उगल रहा है। हवा में फैले कण, राख और सल्फर की गंध अब गांव के बच्चों की सांसों में समा रही है, और कोई पूछने वाला नहीं। अभी तक न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई निरीक्षण किया, न कोई रिपोर्ट जारी की गई। न जिला प्रशासन ने सच्चाई जानने की कोशिश की और न ही खनिज विभाग ने कोई एफआईआर दर्ज की। यह चुप्पी चाहे वह डर की हो, मिलीभगत की या 'ऊपरी दबाव' की अब संदेह नहीं, बल्कि सच्चाई बन चुकी है।

### प्लांट ने सरकार की को-फायरिंग नीति बनाया मज़ाक

इस प्लांट ने सरकार की बायोमास को-फायरिंग नीति (2017 और 2021) का न केवल मज़ाक बनाया है, बल्कि देशभर में बायोमास आधारित ऊर्जा पर उठते भरोसे को भी ठेस पहुंचाई है। किसान, जिनकी पराली इस प्लांट के लिए ईंधन बन सकती थी, आज भी उस पराली को जलाने को मजबूर हैं और इस पावर प्लांट में धड़ल्ले से जल रहा है 'केशवाही का काला हीरा' प्रश्न अब यह नहीं है कि यह गड़बड़ी हो रही है प्रश्न यह है कि इसे कौन संरक्षण दे रहा है। कौन है वह हाथ जो इन ट्रकों की रफ्तार को हर रात और हर सुबह सुरक्षा की चादर में ढंक देता है। कौन हैं वे अफसर, जो हवा में ज़हर घोलते इस संयंत्र को देखकर भी अंजान बने हुए हैं। स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने अब इस घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वे इसे 'हरित ऊर्जा के नाम पर चल रही काली कमाई की प्रयोगशाला' घोषित कर चुके हैं।

### हरित ऊर्जा की विश्वसनीयता पर गहन सवालिया निशान

आने वाले दिनों में यह मामला सिर्फ गोहांडरा तक सीमित नहीं रहेगा। यह मध्य प्रदेश और भारत में हरित ऊर्जा की विश्वसनीयता पर एक गहन सवालिया निशान खड़ा करेगा। अगर अब भी सरकार नहीं जागी, तो यह सिर्फ एक प्लांट की नहीं, एक नीति की, एक विश्वास की और एक पीढ़ी की हार होगी। और वह धुआं जो आज आसमान में उड़ रहा है, वह कल तक लोगों के दिल और दिमाग को इस तंत्र पर से उठते विश्वास की तरह धुंधला कर देगा। 2500 से 3000 टन कोयले का स्टॉक वर्तमान समय में प्लांट में रखा हुआ है यह किस नियम के तहत आया यह गहन जांच का विषय है। आर्या एनर्जी पावर प्लांट रेउला महाप्रबंधक मनोज मिश्रा ने कहा कि इस पूरे मामले के संदर्भ में आपको चंद्र कुमार उपाध्याय द्वारा जानकारी दी जाएगी

### इनका कहना है

हमारे पास प्लांट में भूसा भी उपलब्ध है, रही बात कोयला चोरी का तो अगर ऐसा है तो मैं उसे स्वयं पकड़वाऊंगा।

**चंद्र कुमार उपाध्याय, एचआर मैनेजर**
**आर्या एनर्जी पावर प्लांट रेउला कोतमा**

# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले छः ट्रक चालकों पर हुई कार्यवाही

**1 जनवरी से 25 मई तक 295 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण ड्रिंक एंड ड्राइव पर अंकुश लगाने यातायात पुलिस अनूपपुर द्वारा लगातार वाहन चेकिंग के माध्यम से शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है, विगत दो दिन में वाहन चेकिंग दौरान ट्रक MH 40AK7173MP65GA2334, MP20GB3983, MP09KD5336, CG 04PF3631 पिकअप MP20ZB के चालक शराब के नशे में वहां चलते पाए गए जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो न्यायालय द्वारा 63,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। 1 जनवरी से 25 मई 2025 तक कुल 295 वाहन चालकों को वाहन चलाते पकड़ा गया, जिन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर न्यायालय द्वारा 29 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक बृजेश सिंह चौहान, उमेश सिंह, महेश गुर्जर, योगेंद्र सिंह, अनिल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# चचाई पुलिस द्वारा आईपीएल सटोरिया के खिलाफ की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज, चचाई।** पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त अधीक्षक इसरार मंसूरी के निर्देशन में, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अमलाई का शिवकुमार गुप्ता द्वारा आईपीएल क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा खेल अपने घर में खेला रहा है, सूचना पर एसडीओपी अनूपपुर सुमित क्रिकेट्टा एवं थाना चचाई की पुलिस टीम के द्वारा पर मौके से शिव कुमार के घर में रेड कार्यवाही की गई तो शिवकुमार गुप्ता अपने घर के तीसरी मंजिल वाले कमरे में आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेल खेलते ऑनलाइन पाया गया नाम पता पूछने पर अपना नाम शिव कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय रामसेवक गुप्ता उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 दुर्गा मंदिर के पास अमलाई का होना बताया जो आईपीएल क्रिकेट grandexch.com एप्स 200000 rs coin खरीद कर उक्त एप्स के माध्यम से सट्टा खेल खेलाते मौके से पाया गया जिसके पास से नगद 9935/- रुपए एवं एक नग वन प्लस मोबाइल कीमत 20000 कुल कीमत 29935/- रुपए मौके से जप्त कर धारा 4(क)सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा grandexch ऐप्स में 4,50,000 /- रुपए करीब का ट्रांजैक्शन पाया गया एवं इसके स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाता में 16000 एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा में 63000/- rs कुल 79000/- मिला उक्त दोनों खातों को भी फ्रिज कराया गया है grandexch एप्स एवं ट्रांजैक्शन डिटेल की जांच की जा रही है। उक्त महत्वपूर्ण कार्यवाही में एसडीओपी अनूपपुर सुमित क्रिकेट्टा थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह सउनिरी. लालमणि चौधरी, सउ निरी. नागेश सिंह, सउनि. रावेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक संदीप मिश्रा, आर. दिलीप राय, आर. पियूष,महिला आरक्षक सावित्री सिंह, उषा सिंह एवं साइबर सेल प्र.आर. राजेंद्र अहिरवार, पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### कोतमा मे फिर सक्रिय हुये पुराने सटोरिये

बता दें कि कोयलांचल मे एक बार फिर पुराने सटोरियों ने सट्टे का कारोबार शुरू कर दिया है जिनके द्वारा युवाओं को सट्टे के जाल मे फंसाकर उनकी जिंदगी बर्बाद की जा रही है वही स्वयं मालामाल हो रहे हैं। नगर के पुरानी बस्ती व रेस्ट हाउस रोड मे पुराने सटोरिये फिर सक्रिय होकर नगर को गर्त मे धकेल रहे हैं। कोयलांलवासियों ने यहां भी कडी पुलिसिया कार्यवाही की मांग की है ताकि सक्रिय पुराने सटोरियों पर कार्यवाही कर उन पर अंकुश लगाया लगाते हुये सलाखों के पीछे धकेला जा सके।

# रेलवे कांग्रेस की मांग पर ट्रैक मेंटेनर को मिलेगा सायकल मेंटेनेंस एलाउंस



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर प्रमुख चुनावी वादों में एक प्रमुख मांग ट्रैक मेंटेनर को सायंकाल मेंटेनेंस एलाउंस का आदेश जारी कराकर पूरा किया ज्ञात हो वर्ष 2013 से रेलवे मजदूर कांग्रेस चुनाव जीत एकल मान्यता प्राप्त यूनियन के रुप में 11 साल सत्ता में रहकर वर्ष 2024 के हुए गुप्त मतदान चुनाव में पुनः एकल मान्यता प्राप्त यूनियन के रुप में चुनाव जीतकर रेल कर्मचारी की बीच अपनी लोकप्रियता साबित की इस जीत का मूल मंत्र ही रेल कर्मचारियों के हित में लगातार उपलब्धि दिलाना रहा है। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया गुप्त मतदान चुनाव के दौरान प्रचार अभियान में ट्रैक मेंटेनर की प्रमुख मांगों में एक सायकल मेंटेनेंस एलाउंस की रही, गुप्त मतदान चुनाव जीतने के बाद मजदूर कांग्रेस बिलासपुर महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के आदेश पर बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने वर्ष 2025 के पहले पीएनएम ( स्थाई वार्ता तंत्र ) दिनांक 12 व 13 मार्च 2025 को संपन्न बैठक के मद क्रमांक 10 बी में ट्रैक मेंटेनर को सायंकाल मेंटेनेंस एलाउंस देने की मांग प्रमुखता से रखी थी। बैठक के बाद लगातार मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में केन्द्रीय पदाधिकारीयों ने मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल से मिलकर सायकल मेंटेनेंस एलाउंस का आदेश जारी करने की मांग करती रही एकल मान्यता प्राप्त यूनियन मजदूर कांग्रेस के मांग डीआरएम बिलासपुर के आदेश पर वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर डा० अंशुमान मिश्रा ने दिनांक 23 मई 2025 को सायकल मेंटेनेंस एलाउंस आदेश जारी कर दिया। बिलासपुर रेल मंडल में कार्यरत सभी ट्रैक मेंटेनर को सायंकाल मेंटेनेंस एलाउंस फ्राम भरकर देने पर मासिक 180 रुपए के दर सालाना 2160 रुपए कर्मचारियों को आर्थिक लाभ होगा। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के प्रयास से सायकल मेंटेनेंस एलाउंस जारी होने पर लोकतांत्रिक ट्रैक मेंटेनर ऐसोसिएशन के प्रमुख नेता शुभम उपाध्याय व अनील कुमार यादव ने कहा रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर ही ट्रैक मेंटेनर के हित में काम करने वाली एकलौती प्रमुख संगठन है। लोकतांत्रिक ट्रैक मेंटेनर ऐसोसिएशन मजदूर कांग्रेस को सायकल मेंटेनेंस एलाउंस आदेश जारी कराने के लिए सभी ट्रैक मेंटेनर साथियों की ओर से मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री सहित केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन, बी कृष्ण कुमार, लक्ष्मण राव, आर के यादव, जी एस आइच, राजेश खोबरागड़े, राजकुमार सांडे का आभार व्यक्त करती है।

# 17 दिन बाद फिर छत्तीसगढ़ से लौटे चार हाथी, धनगवां के जंगल में डाला डेरा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एक अन्य हाथी साथी के साथ चार हाथियों का समूह 17 दिन बाद फिर से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को रविवार एवं सोमवार की मध्य रात पार करते हुये अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाका अंतर्गत धनगवां के जंगल में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के एक बार फिर से वापस आने से ग्रामीण अपने जान-माल को लेकर चिंतित है वही वनविभाग ने ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत रहने की सलाह दी है। तीन हाथियों का समूह अनूपपुर जिले में 50 दिन बिताने बाद 8 एवं 9 मई की मध्य रात अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना, तहसील एवं वन परिक्षेत्र के चोलना गांव की सीमा को पार कर छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र मरवाही के शिवनी, मरवाही घुसरिया इलाके में चले गए रहे हैं इसी बीच 10 मई को एक अन्य हाथी कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र से मरवाही इलाके में आकर अपने तीन साथियों के साथ मिलकर कर चार हाथियों का समूह विगत 17 दिनों से मरवाही इलाके में विचरण करता रहा है चारों हाथी रविवार के दिन मरवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट अंतर्गत बदरौडी जंगल के बांस प्लांटेशन में दिनभर रहने बाद देर शाम कतलगढई बांध में नहाने बाद मरवाही के शिवनी बीट अंतर्गत धिनौची के जल्दाटोला, डडिया के हरिजन टोला एवं मालाडांड होते हुए रविवार एवं सोमवार की मध्य रात अनूपपुर जिले में गूजर नाला पार कर ग्राम पंचायत एवं ग्राम चोलना के झिरिया टोला के पास से प्रवेश करते हुए सिंचाई समिति द्वारा लगाए गए पाईपो को तोडते, खेलते चोलना से बचहाटोला एवं कुकुरगोंड़ा के सरईया टोला होते हुए सोमवार की सुबह ग्राम पंचायत क्योटार के कुशुमहाई गांव से लगे जंगल जो वन बीट धनगवां अंतर्गत है में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे हैं चारों हाथियों का समूह सोमवार की रात किस ओर विचरण करेंगे यह रात होने पर भी पता चल सकेगा, कुछ ही दिनों बाद फिर से हाथियों के अनूपपुर जिले में वापस आने की खबर लगते ही पूर्व से हाथियों के विचरण से प्रभावित अनेको गांव के ग्रामीण चिंतित है वर्तमान समय जैतहरी, अनूपपुर राजेंद्रग्राम इलाके में ग्रामीणों के खेतों में कुछ ही स्थानो पर गर्मी वाली फसले लगी हुई है जिससे हाथियों का पेट नहीं भरने पर पेट भरने के लिए हाथी ग्रामीणों के घरों में तोडफोड किए जाने की संभावना बन रही है। वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथियों के एक बार फिर से अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर जाने पर हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने, रात के समय सचेत एवं सतर्क रहने, हाथियों के साथ छेड़खानी नहीं करने, किसी भी तरह की स्पष्ट सूचना मिलने पर वनविभाग, पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित किये जाने की अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री पर्व



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं। सोमवार को कोतमा में वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, अमरकंटक के मंदिरो सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में भी सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर वट सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाओं द्वारा उपवास रखा जाता है, बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार वट सावित्री व्रत को करवा चौथ जितना ही महत्वपूर्ण बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन ही सावित्री अपने मृत पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस ले आई थीं। तब से विवाहित महिलाएं हर साल ज्येष्ठ अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति को दोबारा जीवित किया था, तब से वट वृक्ष की पूजा का विधान है। वट वृक्ष को भगवान शिव का प्रतीक माना गया है। बरगद के वृक्ष के तने में भगवान विष्णु, जड़ में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। इस वृक्ष में कई सारी शाखाएं नीचे की ओर रहती हैं, इन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इसलिए धार्मिक मान्यतानुसार इस वृक्ष की पूजा करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। संतान प्राप्ति के लिए वट वृक्ष की पूजा करना लाभकारी माना गया है। इस दिन विवाहिताएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए उपवास रखती हैं। सोमवार को वट सावित्री व्रत की तैयारी में महिलाएं सुबह से ही जुट गई थी। ब्रह्म मुहूर्त में महिलाएं उठकर स्नान ध्यान कर पूजा की तैयारी कर रही थी। सुबह से ही कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर बूढ़ी माता मंदिर शारदा काली मंदिर धर्मशाला मंदिर गुरुद्वारे के पास शंकर मंदिर रेस्ट हाउस रोड विकास नगर पुराना अस्पताल परिसर लहसुई कैंप गोविंदा कॉलोनी विकास नगर कॉलेज तिराहा गोहंड्रा स्थित काली मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा अर्चना की एवं कच्चे धागे से बरगद के पेड़ की फेरी लगाते हुए उसमें कच्चे धागे की डोर बांधी तथा अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए अखंड सौभाग्य की ईश्वर से प्रार्थना की। सोमवार को महिलाएं सुबह से व्रत थी उसके बाद पूजा उपरांत दोपहर में महिलाओं ने व्रत का पारण करते हुए व्रत को तोड़ा।

